Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 15 जुलाई, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-15-july-2020

'शुद्ध' UV सैनिटाइज़र

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (IIT) कानपुर के शोधकर्त्ताओं ने कमरे को कीटाणुरहित करने के लिये 'शुद्ध' (SHUDH) अल्ट्रा वायलेट (UV) सैनिटाइज़िंग उपकरण विकसित किया है। इसका पूर्ण नाम 'स्मार्टफोन ऑपरेटेड हैंडी अल्ट्रा वायलेट डिसइंफेक्शन हेल्पर' (**S**martphone operated **H**andy **U**ltraviolet **D**isinfection **H**elper-SHUDH) है। IIT-कानपुर के शोधकर्त्ताओं द्वारा विकसित यह डिवाइस मात्र 15 मिनट में 10×10 वर्ग फुट के कमरे को कीटाणुरहित करने में सक्षम है। एक एंड्रॉइड एप के माध्यम से अपने स्मार्टफोन के ज़रिये इस उपकरण को चालू अथवा बंद किया जा सकता है और इसकी गति और स्थान को दूर से ही नियंत्रित किया जा सकता है। शुद्ध में 15 वाट की छह UV लाइट्स लगी हुई हैं, जिन्हें व्यक्तिगत रूप से दूर से ही नियंत्रित किया जा सकता है। गौरतलब है कि इससे पूर्व रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने अधिक संक्रमण वाले क्षेत्रों के त्वरित एवं रसायन मुक्त कीटाणुशोधन (Disinfection) के लिये एक अल्ट्रा वॉयलेट डिसइंफेक्सन टॉवर (Ultra Violet Disinfection Tower) विकसित किया था। 'यूवी ब्लास्टर' (UV blaster) नाम का यह उपकरण एक अल्ट्रा वॉयलेट (UV) आधारित क्षेत्र सैनिटाइज़र (Sanitizer) है, इस उपकरण के माध्यम से 12x12 फुट आकार के एक कमरे को लगभग 10 मिनट और 400 वर्ग फुट के कमरे को 30 मिनट में कीटाणुमुक्त किया जा सकता है।

विश्व युवा कौशल दिवस

विश्व भर में प्रत्येक वर्ष 15 जुलाई को विश्व युवा कौशल दिवस (World Youth Skills Day) मनाया जाता है। इस दिवस का आयोजन मुख्यत: युवाओं को रोज़गार तथा उद्यमिता के कौशल से युक्त करने के रणनीतिक महत्त्व को पहचानने के उद्देश्य से किया जाता है। यह दिवस वर्तमान और भविष्य की वैश्विक चुनौतियों के समाधान में कुशल युवाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका को भी उजागर करता है। यूनेस्को (UNESCO) के अनुमान के अनुसार, विश्व के लगभग 70 प्रतिशत शिक्षार्थी शिक्षा के स्तर पर COVID-19 के कारण विद्यालय बंद होने से काफी अधिक प्रभावित हुए हैं। विश्व युवा कौशल दिवस की स्थापना संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 11 नवंबर, 2014 को की गई थी। महासभा ने 15 जुलाई को विश्व युवा दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा की थी। इस दिवस के माध्यम से संयुक्त राष्ट्र द्वारा सभी देशों से आग्रह किया गया कि वे अपने देश में युवाओं को कौशल विकास में सहायता प्रदान करें ताकि ये युवा आगे चलकर बेहतर राष्ट्र के निर्माण में योगदान दे सकें। इस दिवस के अवसर पर सभी देशों में कौशल तकनीकी और व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण के लिये कई तरह की प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती हैं, ताकि वे अपनी क्षमताओं और कौशल का विकास कर सकें और उससे रोज़गार के अलावा स्वरोज़गार के अवसर उत्पन्न कर सकें।

एशिया कप टूर्नामेंट का स्थगन

एशिया में COVID-19 के बढ़ते मामलों को मद्देनज़र रखते हुए एशियाई क्रिकेट परिषद (Asian Cricket Council-ACC) ने इसी वर्ष सितंबर माह में आयोजित होने वाले एशिया कप टूर्नामेंट (Asia Cup Tournament) को जून 2021 तक स्थगित कर दिया है। एशिया कप टूर्नामेंट के स्थगित होने के साथ ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (International Cricket Council-ICC) भी इसी वर्ष अक्तूबर-नवंबर माह में आयोजित होने वाले T20 विश्व कप को स्थगित करने की घोषणा पर विचार कर रहा है। गौरतलब है कि एशिया कप टूर्नामेंट 2020 के आयोजक पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (Pakistan Cricket Board-PCB) ने सुरक्षा कारणों से श्रीलंका के क्रिकेट प्रशासनिक निकाय श्रीलंका क्रिकेट (Sri Lanka Cricket-SLC) के साथ टूर्नामेंट के लिये मेजबानी के अधिकारों का आदान-प्रदान किया है। इस व्यवस्था के माध्यम से श्रीलंका क्रिकेट (SLC) अब जून 2021 में आयोजित होने वाले एशिया कप टूर्नामेंट की मेज़बानी करेगा, जबकि पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (PCB) वर्ष 2022 संस्करण की मेज़बानी करेगा। एशियाई क्रिकेट परिषद (ACC) का गठन 19 सितंबर, 1983 को हुआ था और उस समय इसे एशियाई क्रिकेट सम्मेलन के नाम से जाना जाता था। इस परिषद का उद्देश्य एशियाई क्षेत्र में क्रिकेट के खेल को संगठित करना, उसे बढ़ावा देना और इसके विकास की दिशा में कार्य करना है।

हरियाणा में राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने हरियाणा में नए आर्थिक गलियारे (Economic Corridor) के तहत लगभग 20 हजार करोड़ रुपए की लागत की विभिन्न राजमार्ग परियोजनाओं का वर्चुअल समारोह के माध्यम से शुभारंभ किया। इन राजमार्ग परियोजनाओं में 1183 करोड़ रुपए की लागत से NH 334B के रोहना/हसनगढ़ से झज्जर खंड तक 35.45 किलोमीटर लंबे 4 लेन मार्ग का निर्माण, 857 करोड़ रुपए की लागत से NH 71 के पंजाब-हरियाणा सीमा से जींद खंड तक 70 किलोमीटर लंबे मार्ग को 4 लेन में परिवर्तन और 200 करोड़ रुपए की लागत से NH 709 पर 85.36 किलोमीटर के 2 लेन का निर्माण करना आदि शामिल है। इन महत्त्वपूर्ण परियोजनाओं से बड़े शहरों में भीड़-भाड़ कम होगी और यात्रा में लगने वाले समय में भी कमी आएगी। इससे चंडीगढ़ से दिल्ली हवाई अड्डे तक पहुँचने में लगभग 2 घंटे लगेंगे, जबकि वर्तमान में 4 घंटे लगते हैं। परियोजनाओं से समय, ईंधन और लागत की बचत होगी, साथ ही राज्य के पिछड़े इलाकों में विकास को प्रोत्साहन मिलेगा।